# हिंदी साहित्य परिषद् (सत्र 2023-24)

**संयोजिका**
डा. नीतू जय सिंघानी
असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी-विभाग

**विभागाध्यक्ष**
डा. धीरेन्द्र बहादुर सिंह
एसोसिएट प्रोफेसर, हिंदी विभाग

## छात्र प्रतिनिधियों का चयन

अकादमिक सत्र 2023-24 में हिंदी साहित्य परिषद् की गतिविधियों के संचालन हेतु छात्र प्रतिनिधियों का चयन दिनांक 28.08.2023 को किया गया। चुनाव प्रक्रिया में प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के छात्रों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। हिंदी विभाग के सभी प्राध्यापक इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## हिंदी साहित्य परिषद् के चयनित प्रतिनिधि

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | : | आदित्य, तृतीय वर्ष, HIN/21/58 |
| उपाध्यक्ष | : | ध्रुव, द्वितीय वर्ष, HIN/22/16 |
| सचिव | : | आयुष, द्वितीय वर्ष, HIN/22/69 |
| संयुक्त सचिव | : | सागर कुमार, प्रथम वर्ष, HIN/23/32 |
| कार्यकारी सदस्य | : | प्रेरणा, द्वितीय वर्ष, HIN/22/31 |
| | | प्रीति, तृतीय वर्ष, HIN/21/24 |



## शिक्षक दिवस

हिंदी विभाग के छात्रों ने दिनांक 05 सितंबर 2023 को छात्र गतिविधि कक्ष में 'शिक्षक दिवस' का आयोजन किया। मनोरंजन के लिए छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया। शिक्षकों को म्यूज़िकल चेयर गेम का आयोजन किया गया। छात्रों के इस प्रयास को दे देख अध्यापक बहुत भावुक हो गए।









## हिंदी निबंध   लेखन प्रतियोगिता

हिंदी साहित्य परिषद और राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयुक्त तत्वावधानमें 12 सितंबर 2023 को सेमिनार कक्ष में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगितामें कॉलेज के छात्रों के साथ प्रशासनिक कर्मचारियोंको भी भाग लेने का अवसर प्रदान किया गया।



## हिंदी दिवस संगोष्ठी

14 सितंबर 2023 हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी साहित्य परिषद्और राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें प्रोफेसर भरत सिंह (पूर्व क्षेत्रीय निदेशक, केंद्रीय हिंदी संस्थान) ने 'राजभाषा हिंदी की विविध भूमिकाएं विषय पर भूमिकाएं विषय पर व्याख्यान दिया।



## प्रतीक चिह्न प्रतियोगिता (Logo Competition)

दिनांक 10 अक्टूबर 2023 को हिंदी साहित्य परिषद् के लिए एक 'प्रतीक चिह्न (logo) प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में चुने गए प्रतीक चिह्न को भविष्य में साहित्य परिषद के लिए प्रयोग करने का निर्णय लिया गया।

चयनित प्रतीक चिह्न



## नवागंतुक स्वागत समारोह

दिनांक 13 अक्टूबर 2023 प्रथम वर्ष के छात्रों के स्वागत के लिए द्वितीय और तृतीय वर्ष के छात्रों द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कॉलेज की तरफ से इस कार्यक्रम के लिए हमें सुबह 9:30 बजे से 12:30 तक सेमिनार कक्ष प्रदान किया गया। साहित्य परिषद के सदस्यों ने कार्यक्रम का आयोजन पूरे उत्साह और जिम्मेदारी पूर्वक किया। छात्रों के निवेदन पर विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर केपी सिंह ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। उसके पश्चात रंगारंग कार्यक्रम से वातावरण आनंदमय बन गया।





## ध्रुव स्वामिनी नाटक की वीडियो प्रस्तुति

दिनांक 17 अक्टूबर 2023 को सुबह 11.30 बजे पाठ्यक्रम में लगे 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक की वीडियो छात्र गतिविधि कक्ष में दिखाई गई। उसके पश्चात् छात्रों ने नाटक के विषय और मंचन पर विचार-विमर्श किया।






## रंगोली प्रतियोगिता और दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन








'हिंदी साहित्य परिष द्' ने दिवाली के पावन पर्व पर दिनांक 8 नवंबर 2023 को 'रंगोली प्रतियोगिता' का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में कुल 7 टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अंग्रेजी विभाग की डॉक्टर गीता बुद्धिराजा और कॉलेज के प्राचार्य महोदय की गरिमामय उपस्थिति रही। इनके द्वारा तीनों टीम को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। इन टीमों को कॉलेज में अलग-अलग स्थान पर रंगोली बनाने का कार्य सौंपा गया।

इनमें से प्रथम पुरस्कार खुशी और लक्ष्मी द्वारा बनाई गई रंगोली को मिला। यह रंगोली प्राचार्य महोदय के ऑफिस के बाहर बनाई गई थी। दूसरे स्थान पर रीना और स्मिता द्वारा बनाई गई रंगोली रही , जो स्टाफ रूम के बाहर बनाई गई थी। तीसरे स्थान पर देव और सौरभ द्वारा बनाई गई रंगोली रही जो मल्टीपर्पज रूम के बाहर बनाई गई थी।

प्रतियोगिता परिणाम घोषित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य महोदय ने विजयी रही टीमों को पुरस्कार से भी सम्मानित किया। इसके पश्चात शाम 4:00 से 5:00 तक छात्रों द्वारा 'दीपोत्सव 'का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता और दीपोत्सव इन दोनों ही कार्यक्रमों से एक बहुत ही आकर्षक , प्रभावशाली और सुखद वातावरण का निर्माण हुआ।

**हिंदी सुलेख प्रतियोगिता**




हिंदी साहित्य परिषद की ओर से दिनांक 28 नवंबर 2023 (मंगलवार ) को हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन कराया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अच्छे हस्त लेखन के महत्व से परिचित करवाया गया। प्रतियोगिता दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक 'सेमिनार कक्ष' में आयोजित की गई।

## भारतीय भाषा दिवस

आधुनिक तमिल कवि सुब्रह्मण्यम भारती की जयंती पर 11 दिसंबर को 'भारतीय भाषा दिवस' के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा गया। इस उपलक्ष्य में आर्यभट्ट महाविद्यालय में 11 दिसंबर 2023 को धूमधाम से 'भारतीय भाषा दिवस' दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय की गरि मामय उपस्थिति ने छात्रों में उत्साहवर्द्धन किया। भिन्न-भिन्न भाषा- भाषी छात्राओं ने इसमें बड़े उत्साह से भाग लिया।






## अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

यूनेस्को द्वारा 21 फरवरी को 'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' के रूप में मनाने की मान्यता मिली है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विश्व में भाषाओं एवं सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिकता को बढ़ावा देना है। यह दिन बांग्लादेश में 'भाषा आंदोलन दिवस' के रूप में मनाया जाता है। हिंदी साहित्य परिषद् द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' के अवसर पर 'शब्द प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया ।

यह प्रतियोगिता 01 फरवरी 2024 से 21 फरवरी 2024 तक आयोजित की गई। इसके लिए कॉलेज की 'लोकतंत्र दीवार' (wall of democracy) का उपयोग किया गया। 'शब्द प्रतियोगिता' में जिस छात्र के शब्द पर सर्वाधिक अलग-अलग भाषाओं के अनुवाद प्राप्त हुए उसे इस विजय घोषित किया गया।



## रंगमंच कार्यशाला (Workshop)


दिनांक 02 मई 2024 को हिंदी साहित्य परिषद् की ओर से रंगमंच कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें अभिनय से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों और खेलों आदि का परिचय छात्रों को दिया गया। यह कार्यशाला छात्रों के लिए पाठ्यक्रम से संबंधित भी रही।






## शैक्षिक भ्रमण

हिंदी विभाग और ' हिंदी साहित्य परिषद' की ओर से दिनांक 03 मई से 05 मई 2024 तक शैक्षिक भ्रमण (नैनीताल भ्रमण) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। छात्रों ने नैनीताल शैक्षिक भ्रमण का आनंद उठाते हुए वहां की वेशभूषा और संस्कृति के बारे रोचक जानकारियां प्राप्त की। इससे देश की समावेशी संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक सोच विकसित हो सकेगा।




दिनांक 07 मई, 2024 को तृतीय वर्ष के छात्रों की विदाई समारोह में साहित्य परिष द् द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे निबंध लेखन प्रतियोगिता , सुलेख प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता में विजयी रहे प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस तरह इस वर्ष की साहित्यिक गतिविधियों का समापन हुआ।

